आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 31.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- 16वीं राज्य विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ–राज्यपाल ने कहा –सरकार की योजनाओं से समाज के हर वर्ग का विकास हुआ।
- सत्ता पक्ष ने कहा –मौजूदा राज्य सरकार पर एक साल के कार्यकाल में विपक्ष का कोई आरोप नहीं–वहीं विपक्ष ने सदन में जनता से जुडे मुद्दो पर चर्चा की मांग की।
- संसद का बजट सत्र शुरू–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संयुक्त बैठक में कहा– भारत दुनिया में आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता का उदाहरण पेश कर रहा है।
- लोकसभा में आज पेश आर्थिक सर्वेक्षण में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में छह दशमलव चार प्रतिशत की बढोतरी का अनुमान–केन्द्रीय बजट कल।
- महाकुम्भ में वसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान के लिये जीरो एरर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश।

0000

16वीं राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने मोदी सरकार के नेतृत्व की सराहना करते हुए देश में हुए बदलावों की चर्चा की। अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने राज्य सरकार के पिछले एक वर्ष के कामकाज का ब्यौरा पेश किया। उन्होंने सरकार की कई उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे समाज के हर वर्ग का विकास हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार युवाओं, किसानों और महिलाओं तथा बाल विकास के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हाल ही में हुए राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए श्री बागडे ने कहा कि ये राजस्थान के औद्योगिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जल जीवन मिशन घोटाले और पेपर लीक की घटनाओं से राजस्थान की साख खराब हुई है। ईआरसीपी परियोजना को पिछली सरकार ने अटकाने का काम किया।

0000

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा ने कहा कि सरकार बैठकें नहीं करती, इस पर राज्यपाल ने उन्हें तीखे अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि जनजाति हितों से जुड़ी बैठक करना उनकी जिम्मेदारी है और वे इसे पूरा करेंगे।

000

कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर का विधानसभा से निलम्बन भी आज समाप्त कर दिया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने इसका प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूर कर दिया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन में आज ज्यादा कामकाम नहीं हुआ। राज्यपाल से मंजूरी के लिए विधेयकों और तीन अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा गया। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही 3 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा का बजट सत्र दो चरणों में चलेगा । आज से शुरू हुआ पहला चरण 7 फरवरी को समाप्त होगा, वहीं दूसरा चरण 19 फरवरी से शुरू होगा। इसी दिन राज्य का बजट पेश किया जाएगा। मीडिया से बातचीत में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सरकार की नीतियों और विजन को सदन के पटल पर रखा है। मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में विपक्ष ने कोई आरोप नहीं लगाया है। ये हम सभी के लिए गर्व की बात है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सदन में जनता से जुड़े मुद्‌दों पर चर्चा होनी चाहिए। श्री जूली ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अन्तर है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत दुनियाभर में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के मजबूत स्तम्भ के रूप में उदाहरण पेश कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत बनकर उभरेंगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में पूंजी व्यय 11 लाख करोड रूपये रखा गया जो एक रिकार्ड है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि दस वर्ष पहले यह मात्र दो लाख करोड रूपये था। देश में मजबूत ढांचा बनाने के लिए किये गये उपायों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश मेक इन इंडिया से आगे बढकर मेक फॉर द वर्ल्ड की ओर बढ रहा है। इससे रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देशभर में तीन करोड़ और परिवारों को मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार का फैसला किया गया है।

000

राष्ट्रपति ने कहा है कि सरकार ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के साथ ही शिक्षा और रोजगार के नये अवसर पैदा करने के लिए बडे पैमाने पर काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए नये दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने सामाजिक न्याय और समानता के लिए डिजिटल टेक्नॉलाजी को माध्यम के रूप में अपनाया है।

साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर चिंता प्रकट करते हुए राष्ट्रपति मुर्म ने कहा कि सरकार साइबर धोखाधडी को रोकने के लिए ठोस उपाय कर रही है।

0000

वित्त वर्ष–2025 में देश के **वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद** में छह दशमलव चार प्रतिशत की बढोतरी का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। आज संसद के दोनों सदनों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की ओर से प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया है। सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। देश ने कृषि और सेवा क्षेत्र समर्थित स्थिर आर्थिक विकास प्रदर्शित किया है। रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन और अनुकूल कृषि परिस्थितियों के कारण ग्रामीण मांग में सुधार देखा जा रहा है। कमजोर वैश्विक मांग और घरेलू मौसमी परिस्थितियों के कारण विनिर्माण क्षेत्र को दबाव का सामना करना पड़ा। सर्वे के मुताबिक जीएसटी संग्रहण में भी उल्लेखनीय बढोतरी का अनुमान है। इसमें 11 प्रतिशत की बढोतरी हो सकती है।

वित्त मंत्री सीतारमन कल सुबह 11 बजे लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2025–26 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री सीतारमन का ये लगातार आठवां बजट होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि संसद का बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा भरेगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश, विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा।

000

**और अब खबरें महाकुंभ से–**

प्रयागराज के महाकुंभ की घटना के कारणों की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने आज संगम घाट का दौरा कर कारणों और परिस्थितियों की जांच की। आयोग ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं और प्रबंधन से जुडे अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बुधवार को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में हुए हादसे में 30 लोगों की जान चली गई थी और 60 लोग घायल हो गए थे। आयोग एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौपेगा। आयोग भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के उपाय भी सुझाएगा।

आगामी बसंत पंचमी को होने वाले तीसरे अमृत स्नान के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने, मेला प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि वे जीरो एरर व्यवस्था सुनिश्चित करे। अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ को रोकने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके अलावा कई स्तरों पर बैरिकेडिंग की जाएगी।

000

प्रदेश में सर्दी का असर थोड़ा कम होने से लोगों को राहत मिली है। आज बीकानेर, सीकर, जैसलमेर में सुबह देर तक कोहरा छाया रहा और दृश्यता काफी कम रही। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम 5 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर के फतेहरपुर में रिकॉर्ड हुआ। करौली, दौसा, नागौर, अलवर और माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। वहीं तेज धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली है। डूंगरपुर में बीते चौबीस घंटों में दिन का तापमान 31 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस मापा गया। विभाग ने दो फरवरी तक मौसम साफ रहने और तापमान में मामूली उतार–चढ़ाव की संभावना जताई है। वहीं तीन फरवरी से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इसके असर से तीन और चार फरवरी को उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना है।

000